राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में पुरातन छात्र परिषद का गठन

2024-25

अमोड़ी, चम्पावत – दिनांक 27 नवम्बर 2024 को राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में प्राचार्य प्रो0 डॉ0अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में पुरातन छात्र परिषद का गठन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अध्ययन और जीवन में पूर्व छात्रों के योगदान को मान्यता देने के साथ.साथ वर्तमान छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम की शुरुआत में पुरातन छात्र परिषद के संयोजक डॉ. डी.के.गुप्ता ने परिषद के संविधान और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परिषद पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन हुआ!

- **अध्यक्ष.–नीमा भट्ट**
- **उपाध्यक्ष– बबिता चौहान**
- **सचिव– प्रिया भट्ट**
- **कोषाध्यक्ष – माया**
- **सह सचिव – रितु**

प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित और सहायक आचार्य डॉ. रंजना सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में छात्रा भावना ने कुमाउनी भाषा में एक स्वागत गीत प्रस्तुत कियाए जिसने उपस्थित लोगों को भावुक किया और महाविद्यालय की संस्कृति को जीवित किया।

पदाधिकारियों ने दिए अपने विचार–

1. नीमा भट्ट–– अध्यक्ष– मैं महाविद्यालय के विकास की दिशा में समर्पित हूं। हमें पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ उठाकर सभी के लिए एक सहायक वातावरण तैयार करना है।
2. बबिता चौहान––उपाध्यक्ष– हम सब मिलकर एक टीम के रूप में काम करेंगे और नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में मदद करेंगे।
3. प्रिया भट्ट––सचिव मेरा उद्देश्य परिषद के कार्यक्रमों का सही संचालन करना और सदस्यों के बीच संवाद बनाए रखना होगा।

4. माया –– कोषाध्यक्ष – मैं जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगी और धन का सही प्रबंधन करूंगी!
5. रितु –– सह सचिव – मैं अध्यक्ष और सचिव की मदद करूंगी और सभी गतिविधियों का समन्वय स्थापित करूंगी।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिषद महाविदालय के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संसाधन बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने के लिए संयोजक व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार डॉ रंजना सिंह डॉ संजय कुमार गंगवार श्री हरीश चन्द्र जोशी श्री दशरथ बोहरा और श्री महेश लाल उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिए।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत